कार्यालय प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय करौली

दिनांक 11.07.2020

प्रेस समाचार

कोरोना जागरूकता अभियान

राजकीय महाविद्यालय, करौली प्रशासन ने कोरोना महामारी के बचाव के उपायों एवं जन जागरूकता के लिए करौली जिला मुख्यालय पर रोडवेज बस स्टेण्ड, हिण्डौन गेट, तीन बड़, कलेक्ट्री परिसर, सिटी पार्क, मण्डरायल रोड, राजकीय चिकित्सालय, एवं महाविद्यालय गेट तथा परिसर में विभिन्न्न बैनर व पोस्टर की सहायता से जन जागरूकता अभियान चलाया है, जिससे आम आदमी तथा छात्र–छात्राऐं कोरोना महामारी से अपना बचाव कर सकें। प्राचार्य, डॉ. ज्ञानेश्वर मीना ने बताया कि सामाजिक दूरी, मास्क तथा सैनेटाइजर ये तीन मुख्य उपाय हैं जिससे आम आदमी कोविड–19 से बच सकते हैं तथा भीड़–भाड़ वाले स्थानों से बचें एवं आवश्यक होने पर स्नान करके ही घर में प्रवेश करें। स्वयं जागरूक बने एवं आसपास भी आमजन को सही जानकारी देवें। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रो. नत्थू सिंह, डॉ. प्रहलाद कुमार मीना, कारूलाल मीना, रामलखन मीना, तथा एन.एस.एस. के प्रभारी रोहिताश्व सिंह, डॉ. भूपेन्द्र वर्मा, प्रेमचन्द व दिनेश चन्द मीना उपस्थित रहे।

प्रतिलिपिः–

1. संवाददाता, राजस्थान पत्रिका, करौली।
2. संवाददाता, दैनिक भास्कर, करौली।
3. संवाददाता, नवज्योति, करौली।
4. संवाददाता, राष्ट्रदूत, करौली।

(डॉ. ज्ञानेश्वर मीना)
प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय करौली